रक्तदान का अब बनेगा विश्व कीर्तिमान

१७ सितम्बर को देश के ६०० केन्द्रों पर होगा एक लाख यूनिट रक्तदान, सचिन तेंदुलकर होंगे ब्रांड एम्बेसडर

फोटो- १सीएचपीआर१

केप्सन - कार्यक्रम के ब्रांड एम्बेसडर सचिन तेन्दुलकर का सहमति पत्र।

भास्कर न्यूज छापर, लंदन में चल रहे ऑलम्पिक गेम्स में जहां भारतीय खिलाड़ी नये कीर्तिमान हासिल करने में जुटे हुये है वहीं देश की उपलब्धियों में एक ओर नाम जोड़ने के लिए अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के ४० हजार कार्यकर्ताओं ने देशभर में एक ही दिन में एक लाख यूनिट रक्तदान करने का बीड़ा उठाया है। रक्तदान महादान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तेयुप ने आगामी १७ सितम्बर को सामूहिक रक्तदान शिविर नियोजित किया है। छापर सेवा केन्द्र में चार्तुमास कर रहे तेरापंथ धर्मसंघ के जनसम्पर्क प्रभारी मुनि जयन्त कुमार के अनुसार धर्मसंघ के ११ वें अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण की अनुशासना में आध्यात्म विकास करने वाली संस्था तेपुय की ३७५ शाखाओं के ४० हजार कार्यकर्ता समूचे भारतवर्ष में १७ सितम्बर को मेगा वर्ल्ड डोनेशन ड्राइव का आयोजन करेंगे जिसमें एक ही दिन में एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित कर देश के नाम एक और विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जायेगा। मेगा वर्ल्ड डोनेशन ड्राइव में ब्रांड एम्बेसडर के रूप में सुप्रसिद्ध क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को जोड़ा गया है जो १७ सितम्बर के दिन मुम्बई के विभिन्न केन्द्रों में रक्तदान के लिए योग्य नागरिकों को प्रेरित करेंगे।

भारत सरकार के समर्थन का विश्वास

धर्मसंघ के जन सम्पर्क प्रभारी मुनि जयन्त कुमार के अनुसार अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के कार्यकर्ताओं को विश्वास है कि इस समाजोत्थान कार्य के लिए भारत सरकार का समर्थन प्राप्त हागा व अशोक चिह्न का उपयोग करने की अनुमति प्रदान होगी जिसकी प्रक्रिया में कार्यकर्ता जुटे हुये है। जैन मुनि के अनुसार भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय का विभाग एनएसीओ जो देश की रक्त बैंकों की नियामक संस्था है से भी प्रयास किये जा रहे कि इस ड्राइव के लिए अपना चिह्न प्रदान करें।

राहुल गांधी करेंगे दिल्ली में रक्तदान

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों व सोनिया गांधी के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय खटेड़, महामंत्री प्रफुल्ल बेताला व कार्यक्रम के राष्ट्रीय संयोजक राजेश सुराणा को जानकारी दी कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव राहुल गांधी ने दिल्ली केन्द्र पर आगामी १७ सितम्बर को रक्तदान करने वाले व्यक्तियों में सबसे पहला नाम रखने की इच्छा जाहिर की है।

मोदी ने जताई प्रायोजक बनने की इच्छा

जानकारी के अनुसार गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी १७ सितम्बर को अपना जन्म दिन इस महान अभियान को प्रायोजित कर मनाने की इच्छा जाहिर की है परन्तु परिषद् ने इस आयोजन को किसी एक राजनीतिक पार्टी से जोड़ कर देखने से इंकार कर दिया।

विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दिया समर्थन

१७ सितम्बर को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, असम, आन्ध्रप्रदेश व पश्चिम बंगाल जैसे कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपना लिखित समर्थन पत्र तेयुप को भेज दिया है। उधर प्रत्येक राज्य में स्थित परिषद् की शाखाओं के कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के आईएएस, आईपीएस, आरएएस, सामाजिक व राजनीतिक नेतृत्वकर्ता को इस अभियान से जोड़ कर अभियान को सफल बनाने में लगे है।

देश के ६०० केन्द्रों पर होगा रक्तदान

सेवा, संस्कार व संगठन के त्रिआयामी उद्देश्य को आधार मान कर चलने वाली अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् शिक्षा, चिक्त्सिा, पर्यावरण शुद्धि, सर्वधर्म सद्भाव, पीड़ित मानवता की सहायता, व्यक्तित्व निर्माण व सद् साहित्य प्रचार प्रसार जैसे जनोपयोगों कार्यों में अपने आपको शामलि करती है। इसी कड़ी में परिषद् आगामी १७ सितम्बर को देश के ६०० केन्द्रों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करेगी।